# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 16.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

झारखंड स्थापना के रजत पर्व को यादगार बनाने के लिए रांची के मोरहाबादी मैदान में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। स्थापना दिवस के दूसरे दिन आज भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पहली बार झारखंड में "जतरा" का आयोजन किया गया जिसमें राज्य की विविध सांस्कृतिक झलक पेश की गई। आज शाम मोरहाबादी मैदान में भव्य ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा की जीवनगाथा और झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आकर्षक दृश्यों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्य के पारम्परिक विधाओं का समावेश करते हुए राज्य के समृद्ध कला संस्कृति प्रदर्शित किया जाएगा जिसका थीम रिदम ऑफ फोक होगा।

*************************

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में जारी 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में झारखंड पवेलियन में ख़ास समारोह आयोजित किया गया, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर राज्य के उद्योग निदेशक विशाल सागर ने कहा कि झारखंड प्रदेश के 25 साल पूर्ण होने का जश्न प्रदेश से दिल्ली तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक जियाडा वरुण रंजन, कृषि निदेशक झारखंड भोर सिंह यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

*************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में जीत पर झामुमो उम्मीदवार सोमेश बाबू को बधाई देते हुए इसे राज्य के हर वर्ग के लिए किए गए कार्यों का परिणाम बताया। उन्होंने रांची पहुंचे घाटशिला क्षेत्र के झामुमो कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय गुरुजी शिबू सोरेन के विचारों और दिवंगत रामदास सोरेन के सपनों को पूरा करने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। श्री सोरेन ने विश्वास जताया कि घाटशिला विधानसभा अब विकास और प्रगति की नई राह पर आगे बढ़ेगा।

*************************

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जामताड़ा जिला जनसंपर्क कार्यालय सभागार में उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। मौके पर उन्होंने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों से भ्रामक खबरों से बचने और पुष्ट, संतुलित समाचारों को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए प्रेस की विश्वसनीयता बनाए रखने पर जोर दिया।

*************************

सरायकेला–खरसावां जिले में स्वास्थ्य उप–केंद्रों के नियमानुसार संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने जांच दल का गठन कर नियमित निरीक्षण के निर्देश जारी किए हैं। निर्धारित टीम उपस्थिति, अभिलेख, दवाओं की उपलब्धता, टीकाकरण और मातृ–शिशु सेवाओं सहित सभी पहलुओं की समीक्षा कर कमियों एवं सुधार

सुझावों की रिपोर्ट सौंपेगी। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की इस पहल का स्थानीय नागरिकों और पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वागत किया है।

**************************

लोहरदगा जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अर्ध कानूनी स्वयंसेवकों को भूमि साक्षरता विषय पर मॉड्यूल टू का प्रशिक्षण दिया गया।

**************************

कोयलांचल सहित पूरे उत्तर–पूर्वी झारखंड में ठंड तेजी से बढ़ गई है और पिछले दस दिनों में तापमान 18 डिग्री से गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने धनबाद, बोकारो, गिरिडीह और जामताड़ा में अगले दो–तीन दिनों तक तापमान में और गिरावट की आशंका जताई है।

**********समाप्त***********